पत्र सूचना शाखा
(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0

मुख्यमंत्री ने गोपाष्टमी पर जनपद मथुरा में गायों की पूजा–अर्चना की, गुड़ तथा हरा चारा खिलाया

दीनदयाल गौ विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्र में गोमय उत्पादों का अवलोकन किया

लखनऊ : 17 नवम्बर, 2026

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज गोपाष्टमी के अवसर पर परखम, जनपद मथुरा स्थित 'गो ग्राम' पहुंचकर गायों की पूजा–अर्चना की। उन्होंने गायों को गुड़ तथा हरा चारा खिलाया।

इसके पूर्व, मुख्यमंत्री जी ने दीनदयाल गौ विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्र, मथुरा का भ्रमण किया। उन्होंने वहां गाय के गोबर और गोमूत्र से तैयार किए जा रहे विभिन्न गोमय (जैविक) उत्पादों का अवलोकन किया।

ज्ञातव्य है कि गोपाष्टमी के दिन ही भगवान श्रीकृष्ण ने पहली बार गाय चराना शुरू किया था, इसलिए ब्रज में इस पर्व का विशेष महत्व है।

————————

PN-CM-Mathura visit Gopashtami-17 November, 2026